तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 27 जुलाई 2025

13 बरसात में सब्जियों की कीमत तेज, सुखी सब्जी...


14 मैनपुर तुहामेटा स्टॉपडेम निर्माण के लिए मिली ...







## खबर संक्षेप

### नेत्र जांच शिविर आज

**कोपरा।** राघोबा महाड़कि पूर्व जनपद अध्यक्ष फिंगेश्वर के जन्मदिन के अवसर पर 27 जुलाई को समीप पथ ग्राम लोहरसी के महावीर चौक में निःशुल्क नेत्र जांच परीक्षण शिविर लगेगा। जिसमें चश्मा वितरण भी किया जायेगा एवं सामान्य स्वस्थ जांच भी किया जायेगा।

### चेनलिंक फेंसिंग तार की चोरी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** वन परिक्षेत्र महासमुंद अंतर्गत कक्ष क्रमांक 69 से चेनलिंक फेंसिंग तार चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वन परिक्षेत्र महासमुंद अंतर्गत कक्ष क्रमांक 69 रकबा 20 हेक्टेयर क्षेत्र में भारतमाला परियोजना अंतर्गत क्षतिपूर्ति सिंचित मिश्रित वृक्षारोपण किया गया है जिसकी सुरक्षा के लिए चैनलिंक फैसिंग कार्य कराया गया है। जिसमें से लोहे का तीन बंडल चैनलिंक फैसिंग तार कीमत करीबन 14 हजार को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले में पुलिस ने धारा 305(ई) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बस स्टैंड में युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली के बस स्टैंड में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं. 12 उड़ियापारा निवासी मनोज ने बताया कि वह सरायपाली बस एजेंट का काम करता हैं। 25 जुलाई की दोपहर दो बजे बस स्टैंड सरायपाली काम पर गया।

समस्या : कई दिनों के इंतजार के बाद भी जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिल रही

# अंचल में थरहे की रोपाई तेज, पर मजदूर एवं खाद की किल्लत से किसान परेशान

हरिभूम न्यूज ⏭ रसेला

अंचल में हुई अच्छी बारिश के बाद खेतों में कृषि कार्य तेजी से शुरू हो गया है। किसान धान की रोपाई और बियासी में जुट गए हैं। गांवों में अभी भी पारंपरिक तरीके से बैल से नागर चलाकर बियासी की जा रही है, और किसान एक-दूसरे के खेतों में मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे मजदूरों की कमी कुछ हद तक कम हो रही है।

इस बार एक साथ काम शुरू होने से मजदूरों की भारी कमी हो गई है। धान की रोपाई के लिए अधिक मजदूरों की ज़रूरत होती है, और स्थानीय मजदूर कम पड़ रहे हैं। किसानों को दूसरे गांवों से मजदूर बुलाने पड़ रहे हैं, जिससे खेती की लागत बढ़ गई है। किसान अशोक अग्रवाल और नोहर अग्रवाल ने बताया की हर साल की तरह इस बार भी रोपाई का समय आया, लेकिन मजदूर नहीं मिल रहे हैं। बाहर से बुलाने पर ज़्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं।



### किसानों की मांग

*क्षेत्र के किसानों, जिनमें ईश्वर वर्मा, नारायण सिंह ठाकुर, केजूराम ध्रुव, राधे सेन, भोजराज नागेश, रिखीदास, राकेश कोमर्रा, रामेश्वर सिन्हा, कार्तिक यादव, सोहनलाल मरकाम, राघवेंद्र यादव सहित अन्य कृषक शामिल हैं, ने सरकार से जल्द से जल्द पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।*

### खाद की किल्लत ने बढ़ाई मुश्किलें

मजदूरों की कमी के साथ-साथ खाद की किल्लत ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। अभी हाल में सरकारी समिति रसेला में केवल यूरिया खाद ही उपलब्ध है। यह कोई पहला साल नहीं है जब खाद की कमी हो रही है चाहे रबी हो या खरीफ, हर साल किसान खाद के लिए परेशान होते हैं। कई दिनों के इंतज़ार के बाद भी उन्हें ज़रूरत के अनुसार खाद नहीं मिल पाती, और मजबूरन किसानों को दोगुने दामों में बाज़ार से खाद खरीदनी पड़ती है। खाद व्यापारी भी इस स्थिति का फ़ायदा उठाकर कालाबाज़ारी करने से नहीं चूकते। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश के लिए अन्न उपजाने वाले किसानों को समय पर पर्याप्त खाद नहीं मिल पाती। सरकार द्वारा सहकारी समितियों और सहकारी केंद्रों के माध्यम से खाद की सप्लाई या वितरण की जाती है। किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार विभिन्न उपाय कर रही है, जैसे खाद वितरण केंद्रों की संख्या बढ़ाना, कालाबाज़ारी रोकना और टोकन सिस्टम लागू करना। हालांकि, हर साल किसानों को उनकी ज़रूरत के अनुसार खाद नहीं मिल पाती है।

# देवगांव में किराना दुकान से 1.75 लाख की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूम न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

बीती मध्यरात्रि ग्राम देवगांव में एक किराना दुकान सह निवास से 1.75 लाख की नगदी चोरी की वारदात सामने आई है। फिंगेश्वर पुलिस घटनास्थल पर पहुँचकर मुआयना किया और सभी संभावित पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। ग्राम देवगांव निवासी नारायण साहू जो एक किराना दुकान और पोल्ट्री फार्म का संचालन करते हैं, ने बताया कि वे दुकान से लगे नए मकान में सो रहे थे। शनिवार सुबह 4 बजे जब वे उठे, तो देखा कि पुराने घर का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर कमरे में जाकर देखा तो अलमारी खुली थी और उसमें रखे 1.5 लाख गायब थे। इसके अलावा, दुकान के गल्ले से भी 25,000 चोरी हो गए थे, कुल मिलाकर 1.75 लाख की नगदी चोरी हुई है। प्रार्थी नारायण साहू के अनुसार, उन्होंने यह पैसा लोन की किश्त चुकाने के लिए रखा था। चोरों ने बैंक पासबुक, चेकबुक, और पास में रखे खाने के तीन टीपा तेल व चार बोरी चावल भी नहीं छोड़ा। अन्य सामान तितर-बितर बिखरे मिले। इस घटना के बाद, नारायण साहू ने फिंगेश्वर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का मुआयना किया। देवगांव में सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं,




इसलिए पुलिस आसपास के चरौदा, छुईहा और सेंदर बेलर के सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है, ताकि कोई सुराग मिल सके। पुलिस पुराने चोरों और संदिग्धों से भी पूछताछ कर रही है। फिलहाल, चोरी में संलिप्त लोगों की पहचान और गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। फिंगेश्वर थाना के अनुसार, सभी संभावित बिंदुओं पर जांच जारी है।

# राजिम में इनडोर स्टेडियम की कमी खिलाड़ियों को हो रही परेशानी

हरिभूम न्यूज ⏭ राजिम

धर्म नगरी राजिम आज भी कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित है, और इनमें से एक प्रमुख कमी इनडोर स्टेडियम की है। इस अभाव के कारण स्थानीय खिलाड़ियों को खेल अभ्यास से वंचित रहना पड़ रहा है। राजिम नगर में इनडोर स्टेडियम नहीं होने से युवा खिलाड़ियों को विशेष रूप से बरसात और गर्मी के दिनों में अन्य शहरों जैसे नवापारा, कुरूद, गरियाबंद और महासमुंद में जाकर अभ्यास करना पड़ता है। इससे उन्हें आने-जाने का अतिरिक्त खर्च और समय दोनों ही वहन करने पड़ते हैं। यह स्थिति उन खिलाड़ियों के लिए और भी मुश्किल हो जाती है, जो बैडमिंटन, बिलियर्ड, बास्केटबॉल और टेबल टेनिस जैसे विशेष खेल खेलते हैं, जिनके लिए इनडोर स्टेडियम अनिवार्य है। इनडोर स्टेडियम की कमी



के चलते इन खेलों में खिलाड़ियों का रुझान कम हो रहा है, और आशंका जताई जा रही है कि बैडमिंटन, टेबल टेनिस और बिलियर्ड जैसे खेल राजिम में विलुप्त होने की कगार पर हैं। जबकि राजिम से सटे अन्य छोटे शहरों में भी इनडोर स्टेडियम उपलब्ध हैं, राजिम जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक नगर में इसकी कमी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के लिए निराशाजनक है।

# छुरा में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन आज

**छुरा।** नगर के सांस्कृतिक भवन छुरा में 27 जुलाई को मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें राजधानी रायपुर के बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर एवं उनके टीम द्वारा जिले के कुपोषित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारी संगठनों के द्वारा गभीर कुपोषित बच्चों को उत्साहपूर्वक गोद ले रहे है, ताकि जिले के कोई भी बच्चे कुपोषित न रहे। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज के लिए मेगा हेल्थ कैंप लगाया जा रहा है। 25 जुलाई को गरियाबंद में शिविर लगाया गया था। इसी के अगली कड़ी में 27 जुलाई को छुरा में शिविर लगाया जाएगा। शिविर कुपोषित बच्चों के पालक अपने बच्चों को लाकर डॉ भट्टर से स्वास्थ्य जांच एवं इलाज करा सकेंगे।

# नवागांव के प्राचीन शिव मंदिर में जलाभिषेक कल

**नवापारा-राजिम।** ग्राम नवागांव बेलाही महानदी के तट पर स्थित स्वयंभू शिवलिंग शिव मंदिर में श्रावण के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को भव्य जलाभिषेक पूजा अर्चना का कार्यक्रम समस्त ग्रामवासी द्वारा रखा गया है। श्री स्वयंभू प्राचीन शिव मंदिर जीर्णोद्धार समिति नवागांव बेलाही के अध्यक्ष शिव साहू,उपाध्यक्ष तोषण साहू,गोपी साहू,सचिव कृष्णा साहू, सह सचिव कमलेश चक्रधारी, कोषाध्यक्ष संतोष यादव,सलाहकार हृदय साहू,रामसिंह निषाद,विशेष सलाहकार आनंदी ध्रुव ने बताया कि आगामी दिनों में जन सहयोग से प्राचीन शिव मंदिर का



जीर्णोद्धार किया जाना है,उन्होंने सभी भक्तगणों से अपील किया है कि सोमवार को जलाभिषेक कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य धार्मिक लाभ लेवे। मंदिर समिति ने मंदिर जीर्णोद्धार में अपना योगदान यथाशक्ति सहयोग प्रदान कर पुण्य कार्य में सहभागी बनने की अपील की है।

# 6.54 लाख की धोखाधड़ी करने वाला शाखा प्रबंधक गिरफ्तार

**गरियाबंद।** महिला समूहों के लोन की राशि को कंपनी के खाते में जमा न कर खुद खर्च करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 6,54,802 रुपये की हेराफेरी की थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेटिन क्रेडिट केयर नेटवर्क लिमिटेड शाखा देवभोग में पदस्थ शाखा प्रबंधक उमाकांत पूरी (उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम भिलाईगढ़, थाना सरायपाली, जिला महासमुंद) ने 1 मई 2024 से 20 मार्च 2025 के बीच महिला ग्राहकों से वसूली गई लोन राशि कंपनी के खाते में जमा नहीं की। कुछ रकम ग्राहकों ने सीधे फोन-पे के जरिए आरोपी के मोबाइल नंबर पर जमा की थी, जिसे



उसने निजी खर्चों में उपयोग कर गबन किया। प्रार्थी की शिकायत पर थाना देवभोग में अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई शुरू की गई। विवेचना के दौरान बैंक स्टेटमेंट, जीएसटी प्रमाण पत्र, नियुक्ति पत्र, फोन-पे स्क्रीनशॉट और ग्राहकों के लोन लेन-देन संबंधी दस्तावेज जब्त किए गए। मामले में पर्याप्त सबूत मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

रायपुर से राजिम तक चलेगी मेमू ट्रेन

# राजिम के लिए ट्रेन सेवा जल्द शुरू होगी व्यापार और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूम न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

अंचल के लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग अब पूरी होने जा रही है। राजिम से जल्द ही ट्रेन का संचालन शुरू होने वाला है, जिससे यहां के व्यापार को पंख लगेंग और लोगों का लंबा इंतजार खत्म होगा। रेल मंत्रालय ने रायपुर रेल मंडल को राजिम तक सीधी लोकल ट्रेन सेवा शुरू करने की औपचारिक अनुमति दे दी है। यह ट्रेन रायपुर से अभनपुर होते हुए राजिम तक चलेगी। हाल ही में दक्षिण ⏭ शेष पेज 12 पर

### तीन मेमू ट्रेनों का प्रस्तावित संचालन समयः

रेलवे ने तीन मेमू ट्रेनों के संचालन का प्रस्ताव दिया है, जिसका संभावित समय इस प्रकार है:

**पहली सेवा**
रायपुर से प्रस्थानः सुबह 4:45 बजे
राजिम आगमनः सुबह 6:20 बजे
राजिम से वापसीः सुबह 6:45 बजे
रायपुर वापसीः सुबह 8:02 बजे

**दूसरी सेवा**
रायपुर से प्रस्थानः सुबह 9:00 बजे
राजिम आगमनः सुबह 10:35 बजे
राजिम से वापसीः सुबह 11:10 बजे
रायपुर वापसीः सुबह 11:45 बजे

**अंतिम सेवाः**
रायपुर से प्रस्थानः शाम 4:20 बजे
राजिम आगमनः शाम 6:00 बजे
राजिम से वापसीः शाम 7:20 बजे
रायपुर वापसीः रात 8:15 बजे




### ब्रॉडगेज लाइन और स्टेशन का निर्माण पूरा

पहले राजिम में नैरोगेज लाइन थी, जिसे अब ब्रॉडगेज लाइन में बदल दिया गया है। साथ ही, राजिम स्टेशन का निर्माण भी पूरा हो चुका है। ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद रायपुर से राजिम की यात्रा आसान और किफायती हो जाएगी।

### धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

राजिम, त्रिवेणी संगम के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ देश-प्रदेश से लोग अस्थि विसर्जन और पूजा-अनुष्ठान के लिए आते हैं। इसी वजह से इसे छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहा जाता है। रेल प्रशासन जल्द ही ट्रेन संचालन की तारीख की घोषणा करेगा। इस नई सेवा से धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलेगी और यात्रियों को भी बड़ी सुविधा होगी।



## खबर संक्षेप

### हसदा में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित



**नवापारा-भेण्डरी।** शासकीय बालक माध्यमिक शाला हसदा नं 1 में संतोष साहू द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा प्रदान की गई। इस प्रतिमा को ग्रामवासियों व अतिथियो की मौजूदगी में विधि-विधान से पूजा-अनुष्ठान कर स्थापित की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राघोबा महाड़िक,संतोष साहू, तामेश्वर ठाकुर, शिवशंकर साहू, एएस कंवर, ईश्वरी साहू, भूषण यादव, दुर्गेश यादव, डीएस नाग ,रामकुमार सेन, काशीराम साहू, हरिशंकर साहू, कीर्तन राव, जगन्नाथ महिलवार, रेखा मौजूद थे।

### 15 परसेंटाइल पर नर्सिंग एडमिशन, स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** नर्सिंग में एडमिशन शुरुआत से ही राजपत्र के आधार पर 15 परसेंटाइल की न्यूनतम अहर्ता के साथ शुरू किए जाने की मांग प्रायवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से की है। इसके अलावा प्रतिनिधियों ने प्रवेश नियम में संशोधन करने और एडमिशन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की है। मंत्री ने सारी समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उनसे मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में राकेश तिवारी, विशाल दीक्षित, महेंद्र चौबे, मोहन चंद्राकर, आशुतोष अवस्थी आदि

### मांझी बने राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त

**रायपुर।** राज्य सरकार ने बिपिन मांझी को राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया है। इस आशय का आदेश आज सहकारिता विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ सहकारी सोसाइटी अधिनियम 1960 के तहत राज्य शासन ने जारी किया है। श्री मांझी भारतीय प्रशासनिक सेवा (2009) के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। यह नियुक्ति उनके पदभार ग्रहण करने के दिनांक से दो वर्ष की अवधि तक के लिए रहेगी।

### आरती को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा मनोविज्ञान विषय साइकोसोसियल फैक्टरस एंड इंटरनेट यूजेज एमॉग एडोलेसेंट्स विषय पर आरती मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई हे। उन्होंने अपना शोधकार्य रविवि मनोविज्ञान अध्ययनशाला की प्रोफेसर डॉ. प्रियम्वदा श्रीवास्तवके निर्देशन में पूर्ण किया। वे केशव प्रसाद शुक्ला एवं सरोज शुक्ला की पुत्री एवं डॉ. अश्वनी मिश्रा की पत्नी हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों ने हर्ष जताया है।

### केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री खट्टर से मिले क्रेडा अध्यक्ष सवन्नी

**रायपुर ।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से छत्तीसगढ़ क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू के साथ मुलाकात की। इस मुलाकात में केंद्रीय मंत्री के साथ सौर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में सार्थक चर्चा हुई। प्रदेश में कृषकों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भारत सरकार की प्रधानमंत्री कुसुम योजना में 20,000 सोलर पंप स्वीकृत करने का आग्रह किया गया। साथ ही अन्य सौर परियोजनाओं के स्थापना एवं विस्तार पर केन्द्र शासन से आवश्यक सहयोग करने का निवेदन किया गया।

पेज 11 के शेष...

### राजिम के लिए...

पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने राजिम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया था, जहाँ यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ कमियों को चिन्हित कर जल्द सुधार के निर्देश दिए गए हैं। मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, जैसे ही ये सुधार कार्य पूरे होंगे, ट्रेन अगस्त-सितंबर 2025 तक चलने की संभावना है।

## जिला पंचायत के उपाध्यक्ष-सीईओ के बीच जमकर हुई तकरार

# सामान्य प्रशासन की बैठक में गरमाया शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी का मुद्दा, तीखी बहस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य प्रशासन सभा की बैठक में शुक्रवार को शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के एजेंडे पर चर्चा हुई। इस चर्चा के दौरान जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समिति पर गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि युक्तियुक्तकरण में कई शिक्षकों को बिना आवश्यकता के जबरन स्थानांतरित कर दिया गया है, जिसके विरोध में कई शिक्षक हाईकोर्ट भी गए हैं, वहीं कई शिक्षक को स्थानांतरण करने बाद संशोधन आदेश जारी कर पुनः उसी स्कूल में पदस्थ कर दिया गया है।

इस तरह की गड़बड़ी की शिकायतें मिलने के बाद जिला प्रशासन ने शिकायतों के निराकरण करने समिति गठित की थी, जिसका अध्यक्ष जिला पंचायत के सीईओ को बनाया था। वे पहले जिला स्तरीय समिति में सदस्य भी थे, जिसके कारण शिकायतों के निराकरण भी नहीं किए गए। इस आरोप के बाद सीईओ और उपाध्यक्ष के बीच लगभग आधे घंटे तक तीखी लंबी बहस चली। इस बहस को देखते हुए अध्यक्ष ने दोनों को एक-दूसरे के साथ बैठक की गरिमा का ध्यान रखने की समझाइश देकर शांत कराया।



### 3 एजेंडों पर हुई चर्चा

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक जिला पंचायत के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल की मौजूदगी में हुई। बैठक में जिला पंचायत के सदस्यों के अलावा सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। यह बैठक तीन एजेंडों के लिए बुलाई गई थी। इसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट अनुमोदन, वार्षिक लेखा व प्रशासन की वार्षिक रिपोर्ट पेश करने के साथ शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट पर चर्चा शामिल थी। बजट और वार्षिक रिपोर्ट पेश करने के बाद युक्तियुक्तकरण एजेंडे पर चर्चा हुई।

### 1422 स्कूलों में 389 किए गए मर्जर

युक्तियुक्तकरण के एजेंडे पर पेश की गई शिक्षा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जिले में प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों की संख्या कुल 1422 है। युक्तियुक्तकरण के तहत इनमें से 389 स्कूलों को दूसरे स्कूलों में विलय किया है। इसके बाद जिले में स्कूलों की संख्या घटकर 1033 हो गई है। जिन स्कूलों को विलय किया है, उनमें पदस्थ शिक्षकों को भी दूसरे स्कूलों में स्थानांतरित कर पदस्थ किया है।

### गड़बड़ी नहीं हुई तो आदेश में संशोधन क्यों

उपाध्यक्ष संदीप यदु ने बैठक में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों के स्थानांतरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि जिला स्तरीय समिति ने सैकड़ों की संख्या में शिक्षकों का स्थानांतरण किया है। इससे संबंधित आदेश जारी करने के बाद बड़ी संख्या में शिक्षकों का स्थानांतरण आदेश को निरस्त कर पुनः उसी स्कूल में पदस्थ कर दिया है।

### युक्तियुक्तकरण के कारण शिक्षक की मौत मामले में जांच की मांग

संदीप यदु ने बैठक में युक्तियुक्तकरण के कारण एक शिक्षक की मौत का मामला भी बैठक में उठाया। उन्होंने बताया कि ग्राम बुडेरा खरोरा निवासी गंगाधर कोसरिया (49) शासकीय बंगला प्राथमिक शाला माना कैंप में एलबी के पद पर पदस्थ थे। युक्तियुक्तकरण के तहत गंगाधर को हिन्दी प्राथमिक शाला माना कैंप में मर्ज किया। इस कारण उनका कार्यभार वर्ष 2009 की जगह वर्ष 2015 माना गया, जो त्रुटिपूर्ण व गलत था। इस गलत जानकारी के कारण ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने गंगाधर की सेवा को अतिशेष मानकर उन्हें कार्यभार से निष्कासित कर दिया। इस तनाव के कारण उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने इस मामले में भी जांच की मांग की है।

### अध्यक्ष ने आगामी बैठक में रिपोर्ट पेश करने दिए निर्देश

युक्तियुक्तकरण के एजेंडे पर गड़बड़ी का मुद्दा उठने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने भी इस मामले की गंभीरता को देखते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारी को आगामी बैठक में कितने संशोधन आदेश जारी किए और कितने शिक्षक जिला समिति के आदेश के विरोध में हाईकोर्ट गए हैं, इसकी पूरी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## बेलर विद्यालय परिसर में मवेशी चराने को लेकर विवाद, दो हिरासत में लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम बेलर में हायर सेकेंडरी और माध्यमिक शाला एक ही परिसर में संचालित हैं, जो चारों तरफ से बाउंड्रीवाल से सुरक्षित है। स्कूल में दो गेट हैं, जो बच्चों और स्टाफ के प्रवेश के समय छोड़कर बाकी समय सुरक्षा की दृष्टि से बंद रहते हैं। स्कूल के मैदान में लगे सुंदर पेड़-पौधे और फूल बड़ी मेहनत से लगाए गए हैं। हालांकि, स्थानीय लोग अपने पालतू पशुओं को गेट खुला देखकर स्कूल मैदान में चराने के लिए छोड़ देते हैं, जिससे इन पौधों को भारी नुकसान हो रहा है। यह क्षेत्र प्रतिबंधित है और यहाँ पालतू पशुओं को चराना मना है। स्कूल समय (सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक) में बिना किसी काम के अन्य व्यक्तियों का प्रवेश भी निषेध है।

### नशे में धुत चरवाहे ने दी धमकी

ग्राम प्रबंध समिति, स्कूल प्रबंधन समिति, गांव के किसान और शिक्षक स्टाफ ने कई बार लोगों को समझाया कि उनकी कड़ी मेहनत से लगाए गए पेड़-पौधे और फूल जानवरों द्वारा नष्ट हो रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यहां पालतू पशुओं को चराना प्रतिबंधित है। शनिवार को विवाद और गहरा गया, जब एक चरवाहे को यह कहकर चेताया गया कि मना करने के बावजूद वह स्कूल के अंदर मवेशी क्यों चरा रहा है। इतने में, चरवाहा झामु यादव और परमानंद यादव, जो कथित तौर पर शराब के नशे में थे, समझाने आए ग्राम विकास पदाधिकारी, स्कूल समिति, शिक्षकों और सैकड़ों किसानों को खुलेआम चुनौती भरी धमकी दी और सबको देख लेने की बात कही।

### पुलिस का हस्तक्षेप और ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना फिंगेश्वर थाना को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों नशे में धुत व्यक्तियों को अपने वाहन से थाने ले गई, तब जाकर मामला शांत हुआ। ग्राम समिति ने अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## गोकुलधाम की महिलाओं ने हरेली पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



**फिंगेश्वर।** नगर के गोकुलधाम कॉलोनी में पार्षद शांति कोसरे के नेतृत्व में हरेली पर्व के हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। सभी महिलाओं ने सावन के हरे भरे धरती से प्रेरणा लेकर हरा साड़ी पहनकर भगवान शंकर एवं नंदी बैल की पूजा अर्चना की एवं पर खेल, गीत, संगीत के साथ नृत्य का प्रदर्शन करते स्वस्थ मनोरंजन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वार्ड नंबर 9 की पार्षद शांति कोसरे, शीला यादव, उर्मिला साहू, संतोषी श्रीवास्तव, भुवनेश्वरी साहू, प्रीति बंजारे, सरिता श्रीवास, मोनिका राजपूत आदि शामिल हुए।

## जवईबांधा के शाला परिसर में किया गया पौधारोपण

**नवापारा-राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जवईबांधा में प्रधानपाठक ओमप्रकाश सोनकला ने अपने जन्मदिवस पर शाला के सभी बच्चो को नेवता भोज दिया जिसमें खीर, पुड़ी, सब्जी एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। उनकी माता सुशीला सोनकला ने सभी बच्चों को वॉटर बाटल प्रदान किया। इस अवसर पर शाला परिसर में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में सरपंच मुकेश साहू, राकेश साहू, डुकेश साहू, सी एल साहू रत्ना साहू, अंजुलता गिलहरे, चेतन साहू, जीरा जोगी, रामसेवक यादव, निर्मला साहू, छलिया साहू सहित अनेक लोग मौजूद थे।



## कारगिल विजय दिवस पर जवानों को किया नमन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन बड़े ही गरिमापूर्ण तरीके से किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. ओमेश ठाकुर, अतिथि शिक्षक डॉ. इंद्रपाल सिंह पैकरा** और आदर्श कुमार ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कारगिल विजय दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया और देश की सेवा में महिलाओं की भूमिका पर भी चर्चा की गई। शहीद जवानों की महत्ता के बारे में बताते हुए, देश के विकास में जवानों और किसानों दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। छात्र-छात्राओं ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से कारगिल युद्ध के महत्व को समझाने का प्रयास किया।

### शपथ ग्रहण समारोह और समापन

*इस अवसर पर एक शपथ ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने देश की सेवा करने और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में, सभी सहायक प्राध्यापकों और उपस्थित छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, गरियाबंद के अधिकारी, कर्मचारी, छात्र और छात्राएं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान देने के लिए उपस्थित थे।*



### विद्या निकेतन स्कूल में हरेली व कारगिल विजय दिवस मनाया

**फिंगेश्वर।** शनिवार को विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में हरेली पर्व और कारगिल विजय दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर छोटे बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के पूजन-अर्चन से हुई, जिसके बाद बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार की हरे रंग की वेशभूषा धारण की, जैसे किसान, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक परिधान, फल, फूल और वृक्ष के रूप में वे कार्यक्रम में शामिल हुए।

#### हरेली पर्व का जीवंत प्रदर्शन

हरेली पर्व के अंतर्गत बच्चों ने लोकनृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, धरती माता और कृषि उपकरणों की पूजा ने पारंपरिक उत्सव को और भी जीवंत बना दिया। इसके साथ ही, कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विद्यालय में देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बच्चों ने अपने भाषणों के माध्यम से वीर जवानों के बलिदान को याद किया और उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर सोनाली ठाकुर, डॉ. दीक्षा कुदेशिया, उत्तमा शर्मा और अन्य सम्मानीय पालकगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन इन भावपूर्ण पंक्तियों के साथ हुआ हरियाली जीवन की शान है, और शहीदों पर हमें अभिमान है।

## हरेली त्योहार के दूसरे दिन युवक का शव मिलने से सनसनी

**रसेला।** क्षेत्र में हरेली तिहार के दूसरे दिन एक युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम कनसिंधी में 19 वर्षीय दुलेश्वर जगत पिता दुलार सिंह जगत ने 25-26 जुलाई की दरमियानी रात अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दुलेश्वर को फंदे से लटका देख उसके भाई कोमात जगत ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही छुरा पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम के सरपंच भोजराज नागेश और कोटवार गोवर्धन घृतलहरे भी मौके पर पहुंच गए।

### शराब का आदी था मृतक

पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक दुलेश्वर शराब पीने का आदी था और अक्सर मानसिक रूप से परेशान रहता था। मृतक तीन भाइयों में मझला था। उसकी शादी नहीं हुई थी। बताया गया कि हरेली पर्व के दिन घर में बरहा पार्टी का भी आयोजन था। लेकिन युवक की मौत से पर्व की खुशियां मातम में बदल गईं। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है। परिजनों ने किसी भी तरह के संदेह से इनकार किया है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## रानी श्याम कुमारी स्कूल में छात्राओं के दांतों का डॉ. गुप्ता ने किया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

26 जुलाई, शनिवार को रानी श्याम कुमारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में एक निःशुल्क दंत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में फिंगेश्वर की दंत चिकित्सक डॉ. श्वेता गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को दांतों और मुख संबंधी इलाज तथा उनकी देखभाल के बारे में विस्तृत परामर्श दिया। डॉ. गुप्ता ने बताया कि हमारे पाचन तंत्र को मजबूत रखने में दांतों का प्रमुख योगदान होता है। दांतों से भोजन को ठीक से चबाकर खाने से शरीर में भोजन जल्दी पचता है। उन्होंने दांतों की नियमित सफाई को ज़रूरी बताया और चेतावनी दी कि सफाई न करने पर दांतों की बीमारियाँ निश्चित रूप से होती हैं।

**नशे के दुष्परिणामों से किया आगाह-** डॉ. गुप्ता ने आजकल युवाओं में बढ़ते नशे के प्रचलन पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि गुड़ाखू, तंबाकू, गुटखा, सिगरेट आदि के प्रयोग से दांतों के बीच गैपिंग होने के साथ-साथ दांत पीले पड़ने लगते हैं और मसूड़े भी खराब हो जाते हैं। इसलिए, उन्होंने छात्रों को किसी भी प्रकार का नशा न करने की सलाह दी।



### शिविर में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति

इस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सूर्यवंशी, पार्षद कमलेश यदु, अतुल श्रीवास्तव, जितेंद्र सिंह ठाकुर, चंद्रमणि चंद्राकर, बंटी सिन्हा सहित विद्यालय के प्राचार्य टीआर वर्मा, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्राचार्य वर्मा ने डॉ. श्वेता गुप्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी शिविरों से जागरूकता बढ़ती है और साथ ही छात्र-छात्राओं को दांतों का इलाज एवं परामर्श भी मिल जाता है।

## संदीप शर्मा के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अंचल के वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप शर्मा को छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष बनाये जाने पर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम रायपुर में शपथ ग्रहण कार्यक्रम मे फिंगे"वर अंचल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम मे शामिल होकर गुलदस्ता भेंटकर संदीप शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर कार्यक्रम मे जिला गरियाबंद के वरिष्ठ नेता भागवत हरित,रामू राम साहू,अशोक राजपूत अशोक साहू,वैभव सोनी,भाजपा मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ताओं शामिल थे। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंहपूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल धरमलाल कौशिक तथा कृषिमंत्री राम विचार नेताम राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा खाद एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल सहित अनेक विधायक नेता मंत्री सहित भाजपा पदाधिकारी तथा कायकर्ता उपस्थित थे।

### संदीप के शपथ ग्रहण में शामिल हुए खड़मा मंडल के कार्यकर्ता



**मुड़ागांव (कोरासी)।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा ने शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में अपना पदभार ग्रहण किया। इस गरिमामयी समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सहित कई वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। पदभार ग्रहण समारोह में छत्तीसगढ़ की खाद्य सुरक्षा और जनहित के प्रति संदीप शर्मा की प्रतिबद्धता को लेकर एक नई ऊर्जा और विश्वास देखने को मिला। उन्हें बधाई देने के लिए कार्यकर्ताओं का भी हुजूम उमड़ पड़ा। इसी तारतम्य में भाजपा मंडल खड़मा से पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप पाण्डेय, पूर्व महामंत्री प्रकाश सिन्हा, भाजपा युवा नेता गुलशन सिन्हा, महामंत्री पुरुषोत्तम गोस्वामी, युवा नेता विक्की यदु, जनपद सदस्य पुष्पा देवानंद सिन्हा, और जगन्नाथ पांडेय सहित गरियाबंद जिले के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहे।

## बजरंग निवास के दरबार में लग रही भीड़



**नवापारा-राजिम।** तर्री रोड स्थित बजरंग निवास के दरबार में रोज भक्तों की भीड़ लग रही है। राजू बजरंगलाल काबरा ने बताया कि सालासर समिति के तत्वावधान में सावन महीने में यहां पर भोलेनाथ, रामदरबार एवं सालासर बालाजी का विशेष श्रृंगार किया जाता है। सालासर हनुमान चालीसा समिति द्वारा प्रतिदिन नई माला बनाकर दरबार को सजाया जाता है। साथ ही सालासर सुन्दरकाण्ड जनकल्याण समिति द्वारा प्रतिदिन शाम 5 बजकर 45 मिनट से सुन्दरकाण्ड, बालाजी भजन, हनुमान चालीसा, शिवाष्टक, संछिप्त रामायण, राम राम जाप के साथ आरती की जाती है। श्री काबरा ने सभी भक्तो से अनुरोध किया है कि यहां आकर भगवान भोलेनाथ, रामदरबार एवं बालाजी का दर्शन लाभ लें। आरती प्रतिदिन रात्रि 8 बजे होती है।



## महादेव की भक्ति में डुबे भक्त

**राजिम।** सावन महीने में भोलेनाथ के भक्त मंदिर देवालय पहुंचकर बहुत ही धूमधाम के साथ पूजा अर्चना कर रहे है। कुछ ऐसे भी भक्त है जो घर पर ही पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधिविधान पूर्वक महादेव की पूजा किए।

## खबर संक्षेप

### पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप आज

**रायपुर।** छग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन एवं टी गोल्ड जिम अश्वनी नगर के तत्वावधान में 5वें छग पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 27 जुलाई को सिंधी धर्मशाला लाखेनगर चौक में किया गया है एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार और महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे करेंगी, विशेष अतिथि पार्षद सरिता दुबे, सुमन पांडेय पार्षद नगर निगम, रूपेश रहांगडाले नेता विश्व हिंदू परिषद, समाजसेवी सतबीर सिंह जुनेजा, डॉ. मूलचंद पृथ्वानी अध्यक्ष सिंधी धर्मशाला, श्रवण ठाकुर सरपंच जामगांव करेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी, विशेष अतिथि जोन-5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, पार्षद दीपक जायसवाल, मनोज वर्मा, बॉडी बिल्डिंग संघ के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल और जैतूसाव मठ व्यायाम शाला के अध्यक्ष रेवाराम यदु होंगे।

### क्षेत्रीय भविष्यनिधि कार्यालय का जागरूकता शिविर

**रायपुर।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना 1 अगस्त 2025 से लागू की जा रही है। इसको लेकर रोजगार प्रोत्साहन योजना की जानकारी प्रदान करने के लिए 25 जुलाई को क्षेत्रीय कार्यालय राजनांदगांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जहां सहायक निदेशक राजभाषा विकास शुक्ल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में उपस्थित नियोक्ताओं की समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही इस योजना को सरकार का एक अच्छा प्रयास बताया, जिससे रोजगार में वृद्धि होगी। वहीं इस कार्यक्रम मे रायपुर के प्रभारी जयवदन इंगले, आयुक्त प्रवर्तन अधिकारी वीएस काकोडिया, हितेश कुमार तिवारी, योगिता साहू एवं अनुभाग पर्यवेक्षक अजय कुमार दिवान, आईबी ग्रुप से डॉ. निखिल राव शेलार, जीएम एचआर शशिकांत सिन्हा, वरिष्ठ प्रबंधक संजय खटायत, विनिर्माण प्रमुख सहित एचआर की टीम उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में गो-सेवकों की नियुक्ति संगठनात्मक विस्तार भी



**रायपुर।** भारतीय गौ क्रांति मंच, छत्तीसगढ़ प्रांत के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन बंजारी मंदिर गोशाला, गुरुकुल विद्यालय, में 20 जुलाई को संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर राज्य के 11 जिलों में बड़ी संख्या में गो-सेवकों की नियुक्ति की गई और विभिन्न पदों पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को संगठित रूप से जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य गोमाता की सेवा और रक्षा को आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि हरिभाई जोशी, मनमंत शर्मा, प्रेमशंकर गौतिया व गोपालजी सुल्तानिया शामिल हुए। इन सभी महानुभावों ने अपने अनुभवों एवं विचारों से उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रांताध्यक्ष नवीन अग्रवाल और प्रांत महामंत्री राजा पांडेय की सक्रिय भूमिका रही। साथ ही नामदेव राय प्रांत महामंत्री, राकेश केसरवानी प्रांत उपाध्यक्ष, अमरदीप शर्मा गो-रक्षा प्रदेश संयोजक, प्रीतम साहू गोसेवा प्रदेश संयोजक, सत्येन्द्र सिंह परमार प्रदेश प्रवक्ता, नितेश तिवारी मीडिया प्रभारी का सहयोग रहा।

## निधन

### खेलावन वर्मा




**श्यामनगर।** ग्राम धूमा निवासी खेलावन वर्मा (45) का निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया, जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे पल्टन वर्मा के पुत्र थे।

### विधायक साहू की अनुशंसा पर संस्कृति विभाग द्वारा होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

# 4 अगस्त को होगा बाबा गरीबनाथ महादेव में सहस्त्र जलधारा अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम के सुप्रसिद्ध बाबा गरीबनाथ महादेव मंदिर में सावन के चौथे सोमवार 4 अगस्त को सहस्त्र जलधारा अभिषेक का आयोजन किया गया है। श्री राजीव लोचन कुलेश्वरनाथ बोल बम कांवरिया संघ द्वारा विगत 25 वर्षों से जलाभिषेक का भव्य कार्यक्रम किया जाता रहा है। जिसमें मानव श्रृंखला बनाकर पुण्य पावन सलिला चित्रोत्पला महानदी के पावन जल से बाबा गरीबनाथ का सहस्त्र जलधारा से अभिषेक किया जाता है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक,एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ क्षेत्र के हजारों भक्त श्रद्धा एवं विश्वास के साथ शामिल होते हैं, और एवं अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए एक बाल्टी जल बाबा गरीबनाथ को



समर्पित करते हैं। इस आयोजन के लिए संघ द्वारा प्रारंभिक तैयारी में मंदिर परिसर की साफ-सफाई रंग रोगन एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों में आवश्यक कार्यों का दायित्व दिया गया है। आयोजन में छत्तीसगढ़ संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संस्कृति विभाग के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है इस वर्ष छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गायिका आरु साहू का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा इसके लिए मंदिर परिसर के पास सुभाषचंद्र बोस चौक में विशाल मंच भी बनाया जा रहा है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए वेरीकटिंग मोजों की व्यवस्था भी की जा रही है।

सहस्त्र जलधारा अभिषेक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू कुरूद विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर बिंद्रा नवागढ़ क्षेत्र के विधायक जनक राम ध्रुव एवं नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य जनों को आमंत्रित किया जा रहा है।

### कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यों का विभाजन

श्री राजीव लोचन बोल कुलेश्वरनाथ बोल बम कांवरिया संघ के अध्यक्ष सागर निषाद सचिव लाला साहू कोषाध्यक्ष सुनील देवांगन ने बताया कि संघ की फाउंडर मेंबर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, सोसायटी अध्यक्ष जितेंद्र-राजू सोनकर, राघोबा महाड़िक,अमर ठाकुर ,राजेश सोनकर ,लेखा महोबिया के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यों का विभाजन किया गया है जिसमें मंदिर की पूजा पाठ व्यवस्था भूखन पटेल ,धीरेंद्र शर्मा बैनर पोस्टर बंटी सहिस रवि निर्मलकर फूलमाला साथ सजा कमल पटेल लाइट एंड साउंड घनश्याम साहू प्रचार प्रसार के लिए यूट्यूबर लोमेस पटेल हमर राजिम को विशेष जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा समिति के सदस्य ललित सोनकर, प्रवीण पुष्पाकर ,निखिल यादव ,ओमप्रकाश सोनकर , सौरभ गुप्ता ,केशव साहू ,यशवंत सोनी, मनीष शिंदे ,रामकुमार साहू ,अजय पटेल ,राजेश देवांगन ,हरिशंकर देवांगन आदि को जिम्मेदारी दी गई है।

# जतमई-घटारानी मार्ग में गढ्ढे आए दिन हो रही दुर्घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

जतमई-घटारानी में इन दिनो पर्यटको की भीड़ बढ़ने लगी है। लोग दूर-दूर से दर्शन करने के साथ-साथ वाटरफॉल का आनंद लेने पहुंच रहे है। बरसात का महीना चल रहा है। राजिम से एक रास्ता बेलटुकरी, भैंसातरा, कौंदकेरा, तरीघाट होते हुए जतमई-घटारानी के लिए है। राजिम से होकर जाने वाले अधिकांश पर्यटक इसी मार्ग से जतमई-घटारानी जाते है। इस मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े गढ्ढे है जिसमें बारिश का पानी भरा हुआ है। बेलटुकरी के तुकाराम तारक ने बताया कि आए दिन इस मार्ग में दुर्घटनाएं हो रही है। बाहर से आने वाले पर्यटको को यह मालूम नही रहता कि इस रोड में कहां-कहां पे गढ्ढे है। ग्रामीणो ने मांग किया है कि इस मार्ग का मरम्मत कार्य कराया जाए। जहां-जहां गढ्ढे है वहां सुधार किया जाए। पुलिस प्रशासन से भी इस मार्ग में पेट्रोलिंग के लिए मांग किया है।

# केंद्र व राज्य में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए पार्टी नए मंडल का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक प्रभारी सुखचंद बेसरा के मुख्य अतिथि में तथा अध्यक्षता नथमल शर्मा के उपस्थित में समापन हुआ। बेसरा ने बताया कि राष्ट्रीय कांग्रेस आदेशानुसार छग राज्य कांग्रेस के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस मागदर्शन पर जिला गरियाबंद के सभी ब्लाको में जोन को अब मंडल के रुप में परिवर्तन कर नये पदाधिकारियों कर सूची ऊपर 31 तक भेजना है कुशासन से सुशासन लाने ही केन्द्र और राज्य में सरकार बनाने लिए सभी जोन(मंडल)के लिए प्रभारी नियुक्त कर शीघ्र गठन करना है । ब्लांक कांग्रेस कमेटी छुरा के अंतर्गत कुल 6 मण्डल के रुप में गठन कर पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी जोन सेक्टर में नये पदाधिकारियों का गठन किया जायेगा जोन छुरा में गठन दिनांक 31.07.25 प्रभारी रमेश शर्मा, जोन चरौदा



30.07.25 को प्रभारी यशपेन्द्र शाह ,व चेतन ठाकुर , जोन घाट खाल्हे 27.07.25 प्रभारी अशोक दीक्षित, प्रहलाद यदु, जोन रसेला 26.07.25 प्रभारी चिराग अली, बीरेन्द्र ठाकुर जोन पांडुका 29.7.25 को प्रभारी गौरव मिश्रा गजेंद्र साहू,जोन खड़मा 28.7.25 को प्रभारी भानु वर्मा के दिशा-निर्देश में मंडल व सेक्टर का चुनाव सम्पन्न किया जायेगा। आरक्षण के सभी नियमों का पालन किया जायेगा जिसमें एस सी, एसटी ,युवा, पिछड़ा वर्ग महिला को 50 प्रतिशत आयु 50 वर्ष के आधार किया जायेगा। नथमल शर्मा ने कहा कि युवाओं को प्रतिनिधित्व तो देना है मगर जोश के साथ होस भी होना जरूरी है।



### ये रहे शामिल

अशोक दीक्षित ने कहा कि पिछले विधान सभा चुनाव में काम नहीं करने व विरोध में काम किया है उसकी जानकारी पार्टी को है उसे पदाधिकारी नहीं बनाया जायेगा। अब्दुल समद समद खान ने छुरा जोन मंडल में छुरा के आस पास के गांवों व पंचायत को सामिल क्यो किया गया है उसे बारिकी से समझा गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नथमल शर्मा, शैलेन्द्र साहू,राजा साहब यशपेन्द्र शाह, अशोक दीक्षित,पुरन ठाकुर,अब्दुल समद खान पन्ना लाल ध्रुव अब्दुल समीम खान, रमेश शर्मा नीलकंठ ठाकुर, अवध साहू, प्रहलाद यदू,चिराग अली योगेन्द्र चंद्राकर हरिश यादव,सलीम मेमन जयराम जगत,दीपक चन्द्राकर,देव सिंह नेताम, शान्तनु देवांगन चित्रसेन सिन्हा, अमृत निर्मलकार, राजकुमारी सोनी, मंजू ध्रुव, सुखबती टांडे, लक्ष्मी ठाकुर, मोतीराम साहू, भानू प्रताप वर्मा, भाव सिंह ठाकुर थान सोनवानी, दिलीप ठाकुर, चन्द्राकर, नियाज अली, सहित कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारियों गण सैकड़ों की संख्या वर्षा चलते भी उपस्थित थे।

# आप जिला कार्यकर्ता सम्मेलन छुरा में हुआ प्रदेश और स्थानीय नेताओं ने की शिरकत

**छुरा।** आम आदमी पार्टी (आप) जिला का कार्यकर्ता सम्मेलन शनिवार को मेमन पेट्रोल पंप के पीछे स्थित ठेठवार यादव समाज भवन में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में प्रदेश और स्थानीय स्तर के कई प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेश से प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन सिंह, संगठन मंत्री तेजेंद्र तोड़ेकार, श्रवण यादव, और प्रदेश संयुक्त सचिव एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सियाराम ठाकुर उपस्थित रहे। जिला स्तर पर लोकसभा अध्यक्ष महेश यादव, लोकसभा उपाध्यक्ष सेवा राम साहू, जिलाध्यक्ष चमन यादव, जिलाध्यक्ष यूथ हरीश कुमार पटेल, जिला कार्यक्रम प्रभारी मनोज मिश्रा ने शिरकत की। इसके अतिरिक्त, विशेष साथी रुपसिंग मरकाम, जिला सचिव पुष्पक लाल जगत, जिला सचिव संतोष सोनवानी, जिला उपाध्यक्ष आत्माराम ठाकुर, जिला महासचिव जय लाल पाथर, जिला संगठन मंत्री दूरवास नेताम, जिला कोषाध्यक्ष रामनारायण सिंह ध्रुवा, जिला सोशल मीडिया गोल्ड़न कुमार यादव, जिला मीडिया देवेंद्र साहू भी मौजूद रहे। सम्मेलन में विभिन्न तहसीलों के अध्यक्षों ने भी भाग लिया, जिनमें छुरा से नंद लाल यादव, गरियाबंद से नरेंद्र शर्मा, राजिम से भूपेंद्र राव, फिंगेश्वर से रुद्रसेन सिन्हा (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), मैनपुर से बलिराम ठाकुर, देवभोग से योगेंद्र यादव, और झाखरपारा से हुकूमत नायक शामिल थे। युवा विंग से छुरा यूथ अध्यक्ष दलेश्वर नागेश और तहसील सचिव तेजराम ध्रुव भी




उपस्थित रहे। वरिष्ठ साथियों में बलियार सिंह नेगी, जगदीश यादव (पूर्व उपसरपंच, ग्राम पंचायत रसेला), लोकेश साहू (पूर्व तहसील अध्यक्ष राजिम), चंदन सेन, ईश्वर ध्रुव, नोहर निषाद, खेमसिंह ठाकुर (पूर्व तहसील अध्यक्ष छुरा), चिंता राम रात्रे, अनिल कुमार यादव, पंकज सिन्हा, केसु राम ध्रुव, मानिकराम दीवान, नवीन गायकवाड, मिलन कुमार, लीला राम निषाद, अर्जुन राम, सरजू राम, मोहन सिन्हा, सुकलाल ठाकुर, ईश्वर पटेल, कौशल साहू, अरुण ठाकुर, भारत ध्रुव, हीरा लाल सेन, और दिनेश तारक जैसे कार्यकर्ता शामिल हुए।

### महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी

महिला कार्यकर्ताओं में राम बाई दीवान (पूर्व जिलाध्यक्ष विंग), बिंदिया नेताम, आशा चौबे, भुनेश्वरी ध्रुव, देवकी सोरी, लीलेश्वरी यद्धु, ममता साहू, संतोषी अग्रवाल, और कौसिल्या चक्रधारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थीं। इस सम्मेलन में आम आदमी पार्टी के संगठनात्मक मजबूती और आगामी योजनाओं पर चर्चा की गई।

# पैरी उद्गम स्थल का मनोरम दृश्य

**मैनपुर।** क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम का यह मनोरम दृश्य तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर भाठीगढ़ पहाड़ी के उपर लगभग 800 फीट से पत्थरो के बीच से लगातार पानी की धार बह रही है जिसे क्षेत्र के लोग पैरी उद्गम स्थल के रूप मे जानते है और यहां मंदिर का निर्माण किया गया है इस पैरी मंदिर मे सावन के इस पवित्र माह में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कांवरियां पहुंचकर पूजा अर्चना कर रहे है यह पैरी उद्गम आगे चलकर राजिम त्रिवेणी संगम में मिलता है आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि भीशण



गर्मी के दिनों में पहाड़ी के ऊपर पत्थर के इस चट्टान से लगातार पानी की धार निकलती रहती है और कुंड भरा रहता है यहां पहुंचने वाले श्रध्दालु व पर्यटक इस पैरी कुंड के पानी को पूरे श्रध्दा के साथ पत्ते से निकालकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते है एक मान्यता के अनुसार इस मंदिर मे जो भी सच्चे मन से मुरादे मांगी जाती है पैरी माता उनकी सभी मनोकामना को पूरी करते है। सावन के पवित्र माह मे प्रदेश के कोने कोने से बड़ी संख्या में कांवरियों का दल जल लेने और यहां के प्राचीन शिव मंदिर मे जलाभिशेक करने पहुंच रहे है।

# लगातार हो रही बारिश से खेती किसानी कार्य में आई तेजी



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र मे लगातार हो रही बारिश के बाद खेती किसानी कार्य में काफी तेजी आ गई है किसान जल्द से जल्द धान का रोपाई लगाने में जुट गए हैं किसान बगैर समय गवाएं रोपाई का कार्य कर लेना चाह रहे है हालांकि मजदूर नही मिल पा रहा है बावजूद इसके अधिक किमत देकर ओड़िसा से मजदूर लाकर किसान खेती किसानी कार्य को पूरा कर रहे है। इस बार क्षेत्र के कई किसानों ने पतला और सुगंधित धान भी बड़ी मात्र में खेती कर रहे है रूक रूक कर हो रही बारिश काफी फायदेमंद बताया जा रहा है।

# नक्सलियों का भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद



हरिभूम न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद से लगे ओडिशा के नुआपड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। 25 जुलाई, 2025 को बोडेन थाना क्षेत्र के काटफाड़ और छातापानी जंगलों में चलाए गए एक संयुक्त एंटी-नक्सल ऑपरेशन के दौरान, सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा भारी मात्रा में छुपाकर रखी गई सामग्री बरामद की है। नुआपड़ा एसपी जीआर राघवेंद्र ने इस बात की पुष्टि की है कि ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों का एक बड़ा डंप बरामद किया गया है। इस डंप से एक देशी बंदूक और 24 राउंड गोला-बारूद, साथ ही 10 जिलेटिन स्टिक, 3 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और लगभग 50 ग्राम बारूद जैसे विस्फोटक सामग्री मिली है। विस्फोटकों के अलावा, सुरक्षाबलों को नक्सलियों के उपयोग में आने वाली कई अन्य सामग्रियां भी मिली हैं, जिनमें शामिल हैं 2 सोलर प्लेट, वॉकी-टॉकी चार्जर, मोबाइल चार्जर, हेयर ट्रिमर, वायर कटर, इलेक्ट्रिक टेस्टर, 6 वोल्ट बैटरी, वोल्ट मीटर, दो बंडल इलेक्ट्रिक वायर, इन्वर्टर चार्जर बॉक्स, छह पेंसिल बैटरियां, दो ब्लैक और व्हाइट इंसुलेशन टेप, एक ब्लूटूथ हेडफोन। तीन छतरियां, एक प्लास्टिक वॉटर जार, एक जोड़ी चप्पल, कैंची, चाकू, घड़ी, दो नेल कटर, एक गुलेल (कैटॉपल्ट), एक प्लास्टिक की रस्सी, एक वेजिटेबल स्लाइसर, एक जोड़ी जूते, और दो ब्लैक पॉलीथिन शीट्स। राशन सामग्री, महिलाओं की कॉस्मेटिक और अंडरगारमेंट्स, बर्तन और दवाएं।

### खुफिया सूचना पर आधारित अभियान

यह अभियान विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर डीवीएफ (डिस्ट्रिक्ट वॉलंटियर फोर्स) नुआपड़ा और सीआरपीएफ की डी/19 बटालियन (गर्जन पानी कंपनी ऑपरेटिंग बेस) द्वारा अंजाम दिया गया। जंगलों में एरिया डॉमिनेशन और तलाशी के दौरान यह सफलता मिली। जानकारी के मुताबिक, जिस इलाके से नक्सलियों का डंप मिला है, वह छत्तीसगढ़ बॉर्डर से केवल 10-15 किलोमीटर की दूरी पर है। यह पहाड़ी इलाका कभी खूंखार नक्सली चलपति द्वारा डिविजन कमेटी के कामों की समीक्षा के लिए उपयोग किया जाता था। नक्सल विरोधी अभियान तेज होने के बाद अब सुरक्षा एजेंसियां नक्सलियों के हर सुरक्षित ठिकाने का खुलासा कर रही हैं, जिससे नक्सलवाद पर लगातार दबाव बन रहा है।

### सावन में सब्जियों की कीमत आसमान पर

# बरसात में सब्जियों की कीमत तेज, सुखी सब्जी बना सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

बारिशकाल में सब्जियों की कीमत ने घर का बजट बिगाड़ दिया है। सब्जी के दाम आसमान छू रहे है। किसी भी सब्जी की कीमत 60 रुपए प्रति किलो से कम नहीं है। सब्जी में महंगाई की मार गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार में ज्यादा पड़ा है। बता दें कि बाजार में उपलब्ध सीजनेबल सब्जी फुट्टु ,1 हजार रुपए किलो बिक रहा है। बरसात के मौसम में आने वाला खेकसी 280 रुपए प्रतिकिलो है। बाकी आम सब्जी 80 से 100 रुपए किलो बिक रहा है। वर्ष भर आने वाले बरबट्टी, गोभी, भिंडी, मुनगा, शिमला मिर्च, लौकी, कद्दू जैसे सब्जियों के दाम आसमान छू रहे है। बाजार में चेच भाजी की निरंतर आवक बनी हुई है। किंतु चेच भाजी की कीमत भी 60 से 80 रूपए प्रतिकिलो चल रहा है। जानकारों का मानना है



कि सावन एवं भादो में सब्जी के उत्पादन एवं मांग का अंतर ज्यादा होता है। लिहाजा सितंबर तक सब्जी की कीमत घटने होने की गुंजाइश कम हैं।

### सुखी सब्जी से चल रहा है काम

*गृहणियों ने खाने का जायका कम न हो इसका भी खास ध्यान रखा है। अधिकतर छत्तीसगढ़ के घरों में गर्मी के दिनों बड़ी एवं सूखे सब्जी के खुला कर बरसात के लिए रख लिया जाता है। बारिशकाल में जब सब्जियां उपलब्ध नहीं रहती या सब्जियों के दाम ज्यादा होता है। तब गृहणियां सूखे सब्जियों का उपयोग करती है। घरों में रखी बड़ी, टमाटर खुला, भाटा खुला बरसात में बनाया जाता है। बाजार में सब्जियों के दाम बढ़ने से अन्य सुखी सब्जी के रूप में उपयोग होने वाला सोयाबीन बड़ी, चना, झुरगा, की मांग बढ़ गई है। आलू की कीमत सामान्य होने से थोड़ी राहत जरूर है।*

## खबर संक्षेप

### अतिक्रमण बताकर तोड़ दिया मकान

**महासमुंद।** कोमाखान के स्टैंड के पास बने एक मकान को शासकीय जमीन में कब्जा कहकर दो लोगों ने तुड़वा दिया। पुलिस को ग्राम खट्टी निवासी शिवचरण कुर्रे ने बताया कि उसे करीबन 5 माह पहले खट्टी गांव के बस स्टैंड के पास शासकीय जमीन पर एक कमरे का अपना एक कच्चा मकान बनाया था। जिसे लेकर गांव के ही कौशिक राम पटेल पिता अगहन पटेल और जोगेंद्र पटेल पिता दयालाल पटेल अतिक्रमण हटाओ कहकर विवाद करते रहते थे, इसके बाद 5 जुलाई की देर रात्रि उसके बनाये हुए घर को जेसीबी से तोड़ दिया गया। इसके बाद जब उसने कौशिक राम पटेल एवं जोगेंद्र पटेल से मिल कर पूछा तो दोनों गाली गलौज करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3(5), 324(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कनेश्वर महादेव का नपाध्यक्ष ने किया जलाभिषेक

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू परिवार सहित कनेकेरा महादेव घाट स्थित स्वयंभू महादेव कनेश्वर नाथ के दर्शन करने पहुंचे। पवित्र श्रावण मास पर नपाध्यक्ष शिवालयों में पहुंचकर जलाभिषेक कर रहे हैं। इसके तहत वे कनेकेरा स्वयंभू शिवलिंग की पूजा अभिषेक करने पहुँचे थे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान का जलाभिषेक, रूद्राभिषेक व विशेष पूजा कर भगवान शिव से क्षेत्र वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

### खैरा में महिला मंडल ने मनाया तीज उत्सव

**महासमुंद।** ग्राम खैरा के सद्भावना सत्संग महिला मंडल ने हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम गणेश की वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या की। 108 वे वर्ष में माता पार्वती को शुक्ल पक्ष श्रावण मास की तृतीया तिथि को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह पर्व मां पार्वती भगवान शिव को समर्पित उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में करुणा ध्रुव, भगवती, कल्याणी, अनिता, नीतू, किरण, ललित, सोना, सरस्वती, कुंती, कुसुम, लता, उषा आदि मौजूद रहे। यह जानकारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### रुद्राभिषेक में शामिल हुए कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह

**महासमुंद।** श्रावण मास के दौरान विधायक कार्यालय परिसर में जारी रुद्राभिषेक एवं हवन पूजन कार्यक्रम में शनिवार को छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह सपत्नीक शामिल हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी सपरिवार पूजा में शामिल हुए। पार्थिव शिवलिंग का अभिषेक पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ रुद्राभिषेक कराया। महादेव की आरती के साथ पूजन कार्य हुआ। अंत में पूजन में शामिल होने आए हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### वाइज़ मैथ्स क्लासेस ने स्थापना की पहली ही साल में दिया बेहतरीन रिजल्ट

**नर्रा।** ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को प्रयास, नवोदय एकलव्य विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश कराने के उद्देश्य से वाइज़ मैथ्स क्लासेस कोमाखान की शुरुआत 2024 में की गई। प्रथम वर्ष में ही संस्था से 8 विद्यार्थियों ने उक्त प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित हुए। जिसमें से 7 विद्यार्थियों का प्रयास आवासीय विद्यालय एवं 1 विद्यार्थी का एकलव्य आवासीय विद्यालय में प्रवेश लिया। वाइज़ मैथ्स क्लासेस कोमाखान के संचालक केशव प्रकाश महानंद ने बताया कि इस क्लासेस का उद्देश्य हिंदी माध्यम के विद्यार्थी व आर्थिक रूप कमज़ोर परिवार के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं मार्गदर्शन का बेहतर विकल्प प्रदान करना है। ताकि, विद्यार्थी को जो अवसर आगे बढ़ने का प्राप्त होता है वो हाथ से न निकले। आगे बताते है कि विद्यार्थी के पालकों से कुछ न्यूनतम फ़ीस लेकर संस्था का संचालन व्यवस्था किया जाता है। विद्यार्थिंयों के चयन से घर-परिवार, गांव, स्कूल में हर्ष का माहौल है।

विकास : क्षतिग्रस्त स्टॉपडेम के कारण कृषि भूमि नदी के कटाव में समाती जा रही थी

# मैनपुर तुहामेटा स्टॉपडेम निर्माण के लिए मिली प्रशासनिक स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर क्षेत्र के किसानों की बहुप्रतीक्षित मांग, मैनपुर-तुहामेटा स्टॉपडेम के नए निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है, जिससे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। लंबे समय से जर्जर हो चुके इस स्टॉपडेम की मरम्मत की मांग की जा रही थी, लेकिन अब सिंचाई विभाग ने नया निर्माण स्वीकृत होने की जानकारी दी है, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। लगभग 15-16 साल पहले, मैनपुर नगर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर ग्राम अचानपुर और नदीपारा के बीच जोड़ी और तुहामेटा नदियों पर सिंचाई विभाग ने लगभग 50 लाख रुपये की लागत से एक स्टॉपडेम का निर्माण किया था। दुखद रूप से, यह स्टॉपडेम पहली ही बारिश में टूटकर बह गया था। क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद, पिछले 15 वर्षों में इसकी मरम्मत नहीं की गई थी। इस क्षतिग्रस्त स्टॉपडेम के कारण आसपास की कृषि भूमि भी लगातार नदी के कटाव में समाती जा रही थी, जिससे किसान बेहद परेशान थे। इस वर्ष तो स्टॉपडेम इतना क्षतिग्रस्त हो गया था कि उसके कभी भी टूटकर बह जाने और आसपास की किसान भूमि को भारी नुकसान पहुंचाने का डर बना हुआ था।





### सड़क किनारे गड्ढा दुर्घटना का डर

अचानपुर-नदीपारा मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे बने इस स्टॉपडेम का निचला हिस्सा टूटकर बह जाने से सड़क से लगभग 40 फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। इस मार्ग पर देर रात तक लोगों का आवागमन लगा रहता है, और स्कूली छात्र-छात्राएं भी इसी रास्ते से आते-जाते हैं। रात में बिजली न होने के कारण अंधेरे में हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने स्टॉपडेम स्थल पर अस्थायी रूप से बैरिकेड निर्माण की मांग की है ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

### नया स्टॉपडेम बनेगा

जल संसाधन विभाग, गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता एसके बर्मन ने बताया की मैनपुर और तुहामेटा स्टॉपडेम निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। बारिश के बाद नया स्टॉपडेम निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### हरिभूमि की पहल और अधिकारियों का हस्तक्षेप

हरिभूमि ने इस मुद्दे को लगातार प्रकाशित किया, जिसके बाद सिंचाई विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन अपनी टीम के साथ जर्जर स्टॉपडेम का निरीक्षण करने और किसानों से चर्चा करने पहुंचे थे। इसके बाद, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने भी क्षतिग्रस्त स्टॉपडेम का निरीक्षण किया और विभाग को जल्द सुधार या नया निर्माण करवाने का निर्देश दिया।

### नई उम्मीदें और भविष्य की योजनाएं

अब नए स्टॉपडेम निर्माण के लिए स्वीकृति मिलने से आने वाले समय में इसका लाभ किसानों को मिलेगा। किसानों ने स्टॉपडेम के साथ-साथ नदी के कटाव को रोकने के लिए आसपास पिचिंग निर्माण की भी मांग की है।

## विधायक की वन विभाग अधिकारियों के साथ बैठक, पर्यटन विकास पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने शनिवार को वन विभाग परिसर स्थित ऑक्सन हॉल में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस बैठक का मुख्य एजेंडा धार्मिक और प्राकृतिक स्थलों के विकास पर केंद्रित रहा। विधायक साहू ने अधिकारियों को इन स्थलों को पर्यटन के लिए आकर्षक बनाने हेतु योजनाएं तैयार करने, प्राक्कलन बनाने और शीघ्र अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जोर दिया कि इन स्थलों तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़क, बिजली, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पौधा रोपण और हरियाली बनाए रखने पर भी बल दिया। साहू ने यह भी कहा कि विकास कार्यों में स्थानीय समुदायों को भी शामिल किया जाए ताकि उन्हें पर्यटन से आर्थिक लाभ मिल सके। उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रचार-प्रसार, पर्यटन पैकेज और सुरक्षात्मक इंतजाम पर विशेष जोर दिया।

### इन प्रमुख स्थलों के विकास पर हुई चर्चा

बैठक में राजिम विधानसभा क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास पर विस्तृत चर्चा हुई, जिनमें प्रमुख हैं रमई पाठ माता (सोरिद, छुरा), सोनई रुपई माता (गुंडरदेही, फिंगेश्वर), झरझरा माता (मुरमुरा, छुरा), घटारानी माता (फुलझर, छुरा), जतमाई माता,(कुसुमपानी, छुरा) टेंगनई माता (पथरी, छुरा), खोपलीपाठ माता (भैरा नवापारा, छुरा), गिधनीपाठ माता (गिधनी, छुरा), चिंगरापखार वाटरफॉल (बारुका, छुरा), कर्राबाधिन माता (फुलझार, फिंगेश्वर), बाबा कुटि (मड़वाडीह, फिंगेश्वर), मौली माता (फिंगेश्वर), कचना धुर्वा मंदिर (बारुका व परसूली छुरा रोड), टेंवारी धाम (खुड़सा) बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, जिला उपाध्यक्ष पारस ठाकुर, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, भाजयुमो उपाध्यक्ष राजू साहू समेत अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## मैनपुर के शिक्षक का भी लेख पुस्तक में किया गया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा और आपदा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर और आशा नामक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन शनिवार को राजधानी रायपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा किया गया। इस पुस्तक के संपादनकर्ता, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका सुश्री के. शारदा हैं, जिन्होंने राज्य के विभिन्न 33 जिलों के समर्पित शिक्षकों की एक टीम बनाकर इस बहुपयोगी पुस्तक का निर्माण किया इस पुस्तक मे गरियाबंद जिले के समीक्षा गायकवाड़ सेजेस राजिम, संतोष कुमार तारक, अनिल कुमार अवस्थी मैनपुर, खोमन सिन्हा सिरखुर्द के लेख शामिल हैं।

## श्रावण झूला पर्व पर राजीव लोचन मंदिर में होगी श्री शिव महापुराण की कथा

**राजिम।** श्री राजीव लोचन मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष सावन झूला पर्व पर श्री हरि संकीर्तन का आयोजन प्रतिवर्ष होता है जिसमें मधुश्रवा तीज से एकादशी पर्यंत भगवान श्री राधाकृष्ण को झूला सजाकर प्रतिदिन सेवा की जाती है। उक्त उत्साहमय समयावधि में शहर के श्रद्धालु एवं अंचल के श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर में प्रतिदिन होती है जो श्रद्धा से भगवान को झूला झूलाते हैं एवं भगवान श्री हरि की कथा संकीर्तन में भाग लेते हैं। इसी तारतम्य में इस वर्ष श्रद्धालुओं के श्रद्धा अनुरूप श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 29 जुलाई से 5 अगस्त तक श्री राजीव लोचन मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है जिसमें कथा व्यास के रूप में पंडित वरुण तिवारी जेंजरा वाले होंगे। जिसमें सात दिवस तक उनके मुखारविंद से शिव महापुराण की कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगी। 29 जुलाई को कलश यात्रा एवं वेदी पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा 30 जुलाई से कथा प्रारंभ होगी जिसमें प्रथम दिवस शिव महापुराण का माहात्म्य द्वितीय दिवस आदि शिवलिंग की उत्पत्ति शिवलिंग पूजन की विधि एवं तृतीय दिवस नारद मोह कुबेर चरित्र इसी तरह 7 दिन तक शिव महापुराण की कथा दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी कथा में प्रमुख रूप से यजमान के रूप में पुजारी राजेंद्र सिंह राजपूत मनु सपत्नीक होंगे। मंदिर प्रबंधक पुरुषोत्तम मिश्रा ने बताया कि उक्त कथा आयोजन की तैयारी में सर्वराकार चंद्रभान सिंह ठाकुर, पुजारी समिति अध्यक्ष रामकुमार सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पुजारी एवं ट्रस्टी श्रवण सिंह ठाकुर, बैकुंठ सिंह ठाकुर ,शिव सिंह ठाकुर ,कन्हैया सिंह ठाकुर,महेंद्र सिंह ठाकुर ,तुषार सिंह ठाकुर लगे हुए हैं। श्री राजीव लोचन मंदिर ट्रस्ट ने शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कथा में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की कृपा करें।



## उपमुख्यमंत्री साव ने खोमन सिन्हा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

दिनांक 26 जुलाई 2025 को रायपुर स्थित होटल सोलिटेयर में दिव्यांगता अधिकार, अवसर और आशा/" शीर्षक पुस्तिका का विमोचन एवं दिव्यांगजनों के सम्मान हेतु एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव जी रहे। समारोह की अध्यक्षता एवं संपादन कार्य के. शारदा, संपादक, द्वारा किया गया। इस पुस्तक में मुख्य संपादक- के. शारदा, उप-संपादक- धमार्नंद गोजे, भाषा सम्पादन- वसुंधरा गोजे, पुस्तक प्रभारी- प्रीति शांडिल्य, विशेष योगदान- छत्तीसगढ़ राज्य के 39 नवाचारी शिक्षकों द्वारा लेखन में योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों को समाज में समान अधिकार, अवसर एवं आशा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से तैयार की गई पुस्तिका का विमोचन किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले दिव्यांगजनों को शॉल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अरुण साव ने कहा कि समाज तभी समरस बन सकता है जब हर वर्ग को समान अवसर मिले। दिव्यांगजनों की प्रतिभा और संकल्प समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राज्य सरकार इनके सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है।



### प्रदेश के 39 नवाचारी शिक्षकों द्वारा लेखन में योगदान

सुश्री के. शारदा, धमार्नंद गोजे, वसुंधरा गोजे, प्रीति शांडिल्य, चंचला चन्द्रा, महेन्द्र चन्द्रा, मंजू पाठक, समता सोनी, अनामिका चक्रवर्ती, संतोष पटेल, सुप्रिया शर्मा, समीक्षा गायकवाड़, खोमन सिन्हा, अमरदीप भोगल, बिसे लाल, परवीनबेबी दिवाकर, डॉ. कृष्णपाल राणा, ममता सिंह, हिम्कल्यानी सिन्हा, वीरेंद्र कुमार, पोषण मारकण्डे, रजनी शर्मा, शिवकुमार बंजारे, सईदा खान, रिंकल बग्गा, लक्ष्मण बांधेकर, देवेंद्र कुमार देवांगन, कलेश्वर साहू, चानी ऐरी, संतोष कर्ष, रश्मि वर्मा, संतोष तारक, बलराम नेताम, अनिल अवस्थी, ब्रजेश्वरी रावटे, यशवंत पटेल, श्याम सोनी, ज्योति सराफ शामिल है। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, दिव्यांगजन संगठनों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। समारोह में सभी वक्ताओं ने दिव्यांगजनों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण एवं सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

## स्कूली बच्चों ने सेना के लिए भेजा रक्षा सूत्र



**राजिम।** भाजपा मंडल पाण्डुका की उपाध्यक्ष स्निग्धा शर्मा द्वारा पाण्डुका मंडल के अंतर्गत आने वाले स्कूलों में देश की सेना के लिए रक्षा सूत्र, एक चुटकी मिट्टी, बन्द लिफाफे में अपनी भावनाओं सहित देने की प्रेरणा बच्चों को दी। जिसमें शास उच्च माध्यमिक विद्यालय पाण्डुका, माध्यमिक कन्याशाला पाण्डुका, सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डुका-पोड़ व कुरूद की छात्राओ ने प्रेरित होकर एक राखी, एक चुटकी मिट्टी, सेना के वीर जवानों की रक्षा कवच के रूप में समर्पित किया। देश के इस पुनित कार्य में स्कूल के शिक्षकों के अलावा ग्रामपंचायत पाण्डुका की सरपंच का विशेष योगदान रहा।





## देवगुड़ी का निर्माण पूर्णतः की ओर

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग मे जोबा उर्तुली के पास देवगुड़ी का निर्माण किया जा रहा है जो अब पूर्णतः की ओर है यह देवगुड़ी का निर्माण काफी खुबसूरत किया गया है।

## डीएव्ही स्कूल मुंगझर में मनाया गया कारगिल विजय दिवस



**मैनपुर।** विकासखंड का एकमात्र सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय डीएव्ही स्कूल मुंगझर में आज शनिवार को कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य द्वारा महापुरुषों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर की गई उपरांत कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति गीत, कविता, भाषण, नृत्य, नाट्य आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के अंत में वीर सपूतों के बलिदान को याद करते हुए मोमबत्ती जलाकर दो मिनट का मौन धारण किया गया एवं शांति पाठ कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

उपसंचालक ने लिए प्राचार्य संकुल समन्वयक की बैठक

# शिक्षा गुणवत्ता अभियान सही ढंग से चलाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

शैक्षणिक सत्र 2025 26 मे जिले की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के लिए लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के उपसंचालक आशुतोष चांवरे की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक, पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल गरियाबंद में सम्पन्न हुआ। बैठक में नए सत्र के लिए लक्ष्य एवं योजना समस्त विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए गरियाबंद जिले के सभी विकासखण्ड के संकुल प्रभारी प्राचार्य संकुल समन्वयक को अलग-अलग समयानुसार बैठक में सम्मिलित किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के क्रियान्वयन बैठक में उपस्थित सभी प्राचार्य संकुल समन्वयकों को उप संचालक जी ने कहा कि राज्य में स्कूलों में गुणवत्ता सुधार के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का संचालन किया जाना है। यह अभियान प्राथमिक स्तर से लेकर हायर सेकन्डरी स्तर तक की शासकीय शालाओं में आयोजित किया जाएगा।इस अभियान के जिले में सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित किया जाना है। जिले के समस्त शालाओं में निर्धारित तिथि में सामाजिक अंकेक्षण करवाया जाना है, जिसमें



समुदाय के साथ मिलकर बच्चों के स्तर का आकलन करते हुए स्कूलों की ग्रेडिंग की जाएगी। इसके बाद अगले चरण में चयनित शालाओं में जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दो-दो स्कूल आबंटित किये जाएंगे जिसकी नियमित मानिटरिंग कर उनमें सुधार लाने की दिशा में कार्य किया जायेगा। कक्षा दसवीं, बारहवीं लक्ष्य निर्धारण, ब्लूप्रिंट के आधार पर अध्यापन कार्य अनिवार्य साथ शिक्षक भी ब्लूप्रिंट के आधार पर अध्यापन कार्य करायेंगे। सुस्पष्ट लेखन, साप्ताहिक परीक्षा सहित कक्षा पहली से तीसरी, कक्षा छठवीं से आठवीं सहित दसवीं बारहवीं का सभी बीईओ, बीआरसीसी, प्राचार्य एवं संकुल समन्वयकों को लक्ष्य दिया गया।

### रैंकिंग का किया जाएगा प्रावधान

नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर ने विभागीय योजनाओं पर चर्चा करते हुए कहा की जिले को हर योजना में अव्वल रखने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर सभी को कार्य करना है। शिक्षा विभाग के अमले को इस सत्र में नियमित रूप से शालाओं के निरीक्षण में लगाकर उन्हें बच्चों में स्थानीय भाषाई एवं गणितीय कौशल विकास पर फोकस कर कार्य किया जाना है। ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रथम एवं महत्वपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के माध्यम से जिलों की रैंकिंग का भी प्रावधान किया जाएगा। साथ ही बैठक के दरमियान अतरमरा के संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा के शैक्षणिक गतिविधियों सहित अन्य अकादमिक कार्यों की सराहना की। बैठक में जगजीत सिंह धीर जिला शिक्षा अधिकारी,शिवेश शुक्ला,जिला मिशन समन्वयक गरियाबंद तथा श्याम चंद्राकर, मनोज केला, बुधविलास सिंह, कृपाल पैकरा, महेश पटेल, किसुन मतवाले, रामेंद्र जोशी, गजेंद्र ध्रुव, देवनाथ बघेल, एस के नागे, छन्नू सिन्हा, सुभाष शर्मा, हरीश देवांगन सहित जिले के सभी संकुल प्राचार्य व संकुल समन्वयक बैठक में उपस्थित रहे।

